माता-पिता के लिए आई.ई.पी बैठक की परीक्षण सूची

कृपया अपनी आई.ई.पी बैठक शुरू करने से पहले इस सूची की समीक्षा करें। अपनी आई.ई.पी बैठक के माध्यम से यह सुनिश्चित कर लें कि आपका दल निम्नलिखित में से प्रत्येक मुद्दे को संबोधित करता है। यदि कोई विषय संबोधित नहीं है, तो इस पर चर्चा करने के लिए अपने दल से कहें। यदि आपकी आई.ई.पी बैठक निम्नलिखित में से प्रत्येक मुद्दे को संबोधित नहीं करती है तो कृपया छात्र सेवा / विशेष शिक्षा निदेशक को बताएं।

___ मुझे मेरी भाषा में, बैठक नोटिस की एक प्रति बैठक की तैयारी करने के लिए पर्याप्त समय रहते प्राप्त हुई है। बैठक एक सुविधाजनक समय और स्थान पर आयोजित की जा रही है ।

___ मुझे बैठक से १० दिन पहले ही मेरी भाषा में, मूल्यांकन और अन्य रिपोर्टों की प्रति प्राप्त हुई है।

___ मेरी बैठक आई.ई.पी के पूरे दल के साथ है जिसमें निम्न का समावेश है मेरे बच्चे की सामान्य शिक्षा शिक्षक, बाल अध्ययन दल के मेरे बच्चे के बाल-मामला प्रबंधक, एक विशेष शिक्षा प्रदाता या पर्यवेक्षक, जो मूल्यांकन परिणामों की व्याख्या कर सकते हैं, और एक जिला प्रतिनिधि जिसे मेरे बच्चे की सेवाओं के लिए प्रतिबद्धताओं को बनाने का अधिकार है ।. यदि दल का कोई सदस्य उपस्थित नहीं है, तो मैंने बैठक से पहले ही उनकी अनुपस्थिति के लिए लिखित सहमति की सूचना दे दी थी, और कोई भी जानकारी जो वह सदस्य बैठक में प्रदान करता/ती, मुझे पहले से ही दे दी गयी है।

___ मेरे आई.ई.पी की बैठक में हमने निम्न क्रम में निम्न मुद्दों के बारे में बात की:

___ मेरे बच्चे की "शैक्षणिक और कार्यात्मक प्रदर्शन के वर्तमान स्तर" (मेरा बच्चा अपनी उम्र के अक्षम प्रीस्कूली छात्रों की तुलना में कैसा चल रहा है, सबसे हाल ही में किए गए मूल्यांकन और परीक्षण के परिणाम, कोई और जानकारी जो मैंने प्रदान की इत्यादि |

_____ मेरे बच्चे के लिए परिमेय वार्षिक लक्ष्य और उद्देश्य जिनकी जानकारी और कौशल स्तर ठेठ प्रीस्कूली छात्रों के शैक्षिक स्तर से मेल खाता हो । (मेरे बच्चे की जरूरतों में से प्रत्येक के लिए लक्ष्यों और उद्देश्यों का कम से कम एक सेट)

_____ विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएँ जिनकी मेरे बच्चे को जरूरत है निम्नलिखित सहित:

______ कक्षा में सफल समावेश के लिए क्या मेरे बच्चे को स्वयं या उसके शिक्षक को, या कक्षा में अन्य बच्चों को "अनुपूरक सहायता और सेवाओं" की आवश्यकता है ?

______ मेरे बच्चे के शिक्षक, सहयोगी/सह पेशेवर , संबंधित सेवा प्रदाता इत्यादि द्वारा किसी विशेष कौशल, ज्ञान, या व्यावसायिक विकास

______ कोई भी सहायता और अभिभावक प्रशिक्षण जो मुझे अपनी क्षमता विकसित करने के लिए आवश्यक हो, ताकि मेरे बच्चे को कम से कम प्रतिबंधक वातावरण में एक मुक्त, उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा प्राप्त हो और उसकी प्रगति हो जैसे कि (यदि उपयुक्त हो)

_____संचार: प्रायोगिक अनुदेश और संचार उपकरण (पी.ई.सी.एस (PECS), संकेत, विषय बोर्ड, तस्वीर अनुसूचियां) जिनके माध्यम से मेरा बच्चा प्रभावी कार्यनीति सीख सके ताकि उसके मन में जो अपनी सीमित ग्रहणशील / भावबोधक भाषा कौशल को लेकर जो कुंठाएं हैं, वे कम हों तथा मेरे और मेरे बच्चे के बीच में संचार वृद्धि सुसाध्य हो;

_____ ऑक्यूपेशनल थेरेपी: प्रायोगिक अनुदेश और विशिष्ट सूक्ष्म मोटर, सकल मोटर, और संवेदी आधारित गतिविधियों का प्रतिरूपण ताकि मैं / हम अपने बच्चे की स्वतंत्रता को बढ़ाने के लिए घर पर काम कर सकें

_____ शारीरिक थेरेपी: कार्यनीतियाँ जो कि मैं / हम मेरे बच्चे के संतुलन, समन्वय, और मांसपेशियों की ताकत की वृद्धि के लिए घर में उपयोग कर सकें

_____ सकारात्मक व्यवहार के लिए समर्थन : हमारे लिए प्रभावी शिक्षण विधियाँ और सकारात्मक व्यवहार हस्तक्षेप कार्यनीतियाँ जिनका उपयोग हम घर में कर सकें ताकि हम एकजुट शिक्षा प्रदान कर सकें, जटिल व्यवहार को संबोधित कर सकें और उपार्जित कौशल के सामान्यीकरण को संबोधित कर सकें ।

______ भाषण चिकित्सा, व्यावसायिक चिकित्सा, भौतिक चिकित्सा, परामर्श, मानसिक या मनोवैज्ञानिक सेवा, परिवहन, यात्रा प्रशिक्षण, अभिविन्यास या गतिशीलता प्रशिक्षण जैसी संबंधित सेवाओं की मेरे बच्चे को जरूरत है या नहीं ।

.

______ क्या मेरे बच्चे को अपने निदान से जुड़े विदित सामाजिक अभाव के कारण अपने सामाजिक, भावनात्मक विकास को सुविधाजनक बनाने और सफल समावेश के लिए (सामाजिक कौशल प्रशिक्षण) किसी प्रशिक्षित पेशेवर के साथ साप्ताहिक अनुदेश / हस्तक्षेप की जरूरत है?

______ गर्मी की छुट्टियों में उसने जो सब कुछ सीखा है, उसे वह न भूले, इसके लिए क्या मेरे बच्चे को विस्तारित स्कूल वर्ष सेवाओं की जरूरत है या नहीं ?

______ मेरे बच्चे को उसकी / उसके चुनौतीपूर्ण व्यवहार को संबोधित करने के लिए कार्यात्मक व्यवहार आकलन एवं सकारात्मक व्यवहार समर्थन योजना की आवश्यकता है अथवा नहीं ?

______ क्या मेरे बच्चे को संचार कौशल और कार्यनीतियाँ सीखने की जरूरत है ?

______ क्या मेरे बच्चे को सहायक तकनीक की आवश्यकता है, और यदि हां, तो वह इसका प्रयोग कैसे सीखेगा/गी? ग्रहकार्य करने के लिए वह इस तकनीकी सहायता का लाभ कैसे उठा सकता/ती है?

______ यदि मेरे बच्चे की उम्र १४ साल से अधिक है तो पाठ्यक्रम के कौनसे विषयों का अध्ययन वयस्क जीवन के अवस्थांतर की तैयारी के लिए लाभदायक रहेगा?

______ यदि मेरे बच्चे की उम्र १६ साल से अधिक है तो वयस्क जीवन अवस्थांतर सेवाओं में से कौनसी मेरे बच्चे को माध्यमिक शिक्षा, प्रशिक्षण, या रोजगार की तैयारी के लिए लाभदायक होगी?.

______ कैसे मेरा बच्चा सक्षम छात्रों के लिए बने पाठ्यक्रम के अतिरिक्त होने वाले कार्यकलापों और गैर शैक्षणिक गतिविधियों (बच्चे के अपने स्कूल ज़िला वाली गतिविधियों सहित, चाहे मेरा बच्चा अपने स्कूल ज़िला के बाहर भेजा जाता हो) को स्कूल से पहले, दौरान और बाद में प्रवेश पा सकता है ?

_____ व्यवस्था - "कम से कम प्रतिबंधक" वातावरण जिसमें मेरे बच्चे की आई.ई.पी को लागू किया जा सकता है और जो सक्षम प्रीस्कूली छात्रों के साथ और संगत का अधिकतम उपयुक्त अवसर देता है

_____ जो व्यक्ति या लोग मेरे बच्चे की आई.ई.पी में प्रत्येक सेवा के कार्यान्वयन और कार्यक्रम के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं और जो व्यक्ति या लोग मेरे बच्चे की प्रगति की निगरानी करने के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं

_____ जो व्यक्ति या लोग मेरे बच्चे की प्रगति की निगरानी करने के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं

_____ कैसे मुझे अपने बच्चे की प्रगति के बारे में बताया जाएगा और बताया जाएगा की उसकी प्रगति साल के अंत तक के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है अथवा नहीं। कितनी बार बताया जाएगा (कम से कम जब भी सामान्य शिक्षा प्रदान करने वाले बच्चों के माता पिता को अपने बच्चों के प्रदर्शन पर रिपोर्ट कार्ड प्राप्त होता है, कम से

कम उतनी बार)

____ कैसे मेरा बच्चा राज्यव्यापी परीक्षण में भाग ले सकता है? (प्राथमिक कक्षाओं का कौशल और ज्ञान का मूल्यांकन, ८ वीं कक्षा की जी.ई.पी.ए (GEPA), ११ वीं कक्षा का एह.एस.पी.ए (HSPA) या ज़िला व्यापी परीक्षण, और मेरे बच्चे को किस प्रकार समायोजित किया जाएगा (विस्तारित समय , प्रश्नों को ज़ोर से पढ़ने वाले, मौखिक रूप से जवाब देने वाले, अधिक निजी, शांत वातावरण में परीक्षण, कंप्यूटर या कैलकुलेटर का प्रयोग इत्यादि)

______ मुझे (पेरेंट्स राइट्स इन स्पेशल एजुकेशन- विशेष शिक्षा में माता पिता के अधिकार) पी.आर.आई.एस.ई (PRISE) पुस्तिका की संपूर्ण प्रतिलिपि प्राप्त हुई है जिसमें अपने अधिकारों के बारे में जानकारी के लिए संपर्क करने के लिए संगठनों की सूची वाला पृष्ठ भी सम्मिलित है।

_____मुझे आई.ई.पी की हस्ताक्षर की हुई हस्तलिखित प्रतिलिपि, और मेरे बच्चे के कार्यक्रम, सेवाओं और व्यवस्था का की सारांश प्राप्त हुआ है।

संसाधनों की जानकारी

मेरे बच्चे को निम्नलिखित निदान है: ____.

कृपया स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय एजेंसियों की पहचान करें जो कार्यक्रम और सहायता प्रदान करते हैं

कृपया समुदायिक संसाधन, राहत और आनंदप्रद कार्यक्रमों की पहचान करें जो कि हमारे बच्चे को स्थानीय समुदाय के साथ संघटित करें।

कृपया सहायता समूहों और आगामी कार्यशालाओं की पहचान करें जो कि हमारे बच्चे के वर्तमान और भविष्य की शक्तियों और जरूरतों के बारे में हमारी समझ में वृद्धि करे।

कृपया हमारे बच्चे और परिवार के लिए लाभदायक संसाधनों के विषय में अतिरिक्त जानकारी प्रदान करें ।